**जिलाधिकारी महोदय, जनपद मेरठ की अध्यक्षता में दिनांक 11.11..2025 को मा0 मुख्यमंत्री जी डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास कार्यो से संबंधित) समीक्षा बैठक का कार्यवृत्तः**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 11.11.2025 को मा0 मुख्यमंत्री जी डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास/निर्माण कार्यो से संबंधित) माह अक्टूबर–2025 की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियाजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक का कार्यवृत्त निम्न प्रकार है :–

**निर्माण कार्यो की समीक्षाः–**

**1–मेरठ में 04 लाख ली0 प्रतिदिन क्षमता का डेयरी प्लान्टः–**

उपरोक्त निर्माण कार्य आई0डी0एम0सी0 द्वारा कराया जा रहा है। आई0डी0एम0सी0 के प्रोजेक्ट मेनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि यह कार्य वर्ष मई 2016 में प्रारम्भ होकर दिसम्बर 2019 तक पूर्ण कराया जाना था। कार्य पूर्ण करने की 6 वर्ष बीत जाने के उपरान्त भी प्रोजेक्ट पूर्ण नहीं हुआ है।, अभी तक 85.2 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण हुआ है। उक्त कार्य का टास्कफोर्स समिति द्वारा पूर्व में किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या में इंगित कमियों का पूर्ण रूप से निराकरण नहीं किया गया। इस माह में किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या में विभिन्न अपूर्ण दर्शाये गये है। विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया कि अवशेष समस्त कार्य 31.12.2025 तक पूर्ण करा दिये जायेगें। निर्देश दिये गये कि अवशेष कार्यो को शीघ्रातिशीघ्र मानको के अनुरूप पूर्ण कराने, टास्कफोर्स समिति की निरीक्षण आख्या में इंगित कमियों का तत्काल निराकरण कराते हुए अनुपालन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

**2–खडोली भोला रोड से कैथवाडी मार्ग का रिन्यूवल का कार्यः–** अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभिन्त्रण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त मार्ग पर अनुरक्षण कार्य कराया जाना है जो 04.2.2025 से प्रारम्भ होकर 03.6.2025 तक कराया जाना था। तकनीकी समिति द्वारा अवगत कराया गया कि 7.50 कि0मी0 की सडक को चार भागो में बांटकर बनाया गया है परन्तु सडक की साईड में मिटटी डालने का कार्य अभी अपूर्ण है। अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभिन्त्रण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य पूर्ण करा दिया गया है।

**3– सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ के अधीन संचालित दांतल प्रक्षेत्र के बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्यः–**

सरदार बल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ के अधीन संचालित दांतल प्रक्षेत्र के बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य की कार्यदायी संस्था यू0पी0आर0एन0एस0एस0 द्वारा कराया जा रहा है। उक्त कार्य अप्रैल 2024 से प्रारम्भ होकर मार्च 2025 तक पूर्ण कराया जाना था किन्तु अभी तक 80.45 प्रतिशत पूर्ण हुआ है। उक्त कार्य का निरीक्षण जनपद स्तर पर गठित तकनीकी समिति द्वारा किया गया।, समिति द्वारा अपनी आख्या में अवगत कराया गया सभी खसरों पर अभी कार्य प्रारम्भ नहीं कराया गया है। विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 2800 मीटर के सापेक्ष 2200 मीटर बाउन्ड्रवाल का कार्य पूर्ण हो गया है शेष कार्य स्थानीय निवासियों के कोर्ट से स्टे लेने के कारण अवरूद्ध बताया गया। इस संबंध में विभागीय अधिकारी को जिलाधिकारी महोदय के स्तर से पत्र लिखवाने के निर्देश दिये गयें

**4–सेतु कोड 22016 जनपद मेरठ में गाजियाबाद–सहारनपुर रेल सेक्शन के मोदीनगर–मोहिउद्दीनपुर रेलवे सेक्शन के मध्य स्थित सम्पार संख्या 19सी कि0मी0 55/8–9(माहिउददीनपुर –खरखोदा सडक मार्ग) पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण का कार्यः–**

जनपद मेरठ में गाजियाबाद–सहारनपुर रेल सेक्शन के मोदीनगर– मोहिउददीनपुर रेलवे सेक्शन के मध्य स्थित सम्पार संख्या 19सी कि0मी0 55/8–9(माहिउददीनपुर –खरखोदा सडक मार्ग) पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण का कार्य की कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0 है। उक्त कार्य जून 2023 से प्रारम्भ होकर मई 2026 तक पूर्ण कराया जाना प्रस्तावित है।

अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगने एवं अपेक्षित कार्यवाही करते हुए आगामी माहो में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने एवं प्रोजेक्ट में जनपद की रैंक में सुधार कराये जाने के निर्देश दिये।

6–नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति–जल जीवन मिशन हर घर जलः–

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कुल परिवारों की संख्या 314481 के सापेक्ष उपलब्ध कराये गये गृह नल संयोजन की संख्या 303274 है। प्रोजेक्ट में जनपद की रैंक 36 एवं ग्रेड बी है। विभागीय अधिकारी को भूमि उपलब्धता के संबध में संबंधित उपजिलाधिकारी से मिलकर भूमि उपलब्ध करायें ओर यदि उनके द्वारा भूमि उपलब्ध नहीं करायी जाती तो उनसे भूमि उपलब्ध न होने का प्रमाण–पत्र लेना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही गृह नल संयोजन प्रगति में अपेक्षित सुधार करते हुए प्रोजेक्ट में जनपद की रैंक में सुधार करने के भी निर्देश दिये गये।

7–नियोजन–फैमिली आई0डी0 :–

विभागीय अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया जनपद हेतु प्राप्त फैमली आई0डी0 आवेदनों के की संख्या 33481 में से 26542 आवेदन स्वीकृत तथा 6389 आवेदन अस्वीकृत तथा 550 आवेदन लम्बित है। प्रोजेक्ट में जनपद की 72 वी रैंक एवं ग्रेड डी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रोजेक्ट में निम्न रैंक प्राप्त होने असन्तोष व्यक्त करते हुए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को फैमली आई0डी0 से संबंधित विभागों जिला स्तरीय अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं डी0एस0टी0ओ0 की बैठक मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में प्रति सप्ताह एवं जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 15 दिवस में कराने के निर्देश दिये गये एवं फैमली आई0डी0 संबंधित अधिकारियों को अधिक से अधिक फैमली आईडी बनवाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि प्रोजेक्ट में जनपद की रैंक में अपेक्षित सुधार हो सकें। फैमली आई0डी0 में अपेक्षित सुधार होने तक जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश भी दिये गये।

8–राज्य योजना–पर्यटनः– अवगत कराया गया कुल योजनायें 13 है जिनमे से 5 प्रगति शील योजनायें, 09 पूर्ण होने वाली योजनायें तथा 08 योजना पूर्ण है। प्रोजेक्ट में जनपद की रैंक 62 एवं ग्रेड सी है। पर्यटन विभाग के अधिकारी(स्वयं) उपस्थित न होने पर असन्तोष व्यक्त किया गया तथा निर्देश दिये गये कि आगामी बैठको पर्यटन विभाग स्वयं अधिकारी उपस्थित होंगे तथा प्रगतिशील योजनाओं को पूर्ण कराते हुए प्रोजेक्ट में जनपद की रैंक में सुधार सुनिश्चित किये जाने के भी निर्देश दिये गये।

9–प्राथमिक शिक्षा–निपुण परीक्षा आंकलनः–

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कुल छात्रों की संख्या 146594 है। निपुण आंकलन में परिणाम घोषित छात्रों की संख्या 98260 है जिला बेसिक अधिकारी, मेरठ द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में कराई गई परीक्षा का रिजल्ट अभी अपडेट नहीं है। इस योजना में जनपद की रैंक 56 तथा ग्रेड सी प्राप्त हुई है। भविष्य में निपुण परीक्षा के रिजल्ट अपडेट कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जायें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को जनपद के सभी मा0 जनप्रतिनिधियों संपर्क करते हुए को दो–दो विद्यालय गोद लेने हेतु निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्राथमिक विद्यालयों में पढाई के स्तर में सुधार कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

**10–पिछडा वर्ग कल्याण–दशमोत्तर छात्रवृत्ति प्रतिपूर्ति योजनाः–**

पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष में कुल 8724 छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन किया गया जिसमें से 70 आवेदन शिक्षण संस्थान द्वारा निरस्त किये गये तथा शिक्षण संस्थान स्तर पर लम्बित आवेदनों की संख्या 6306 एवं अग्रसरित आवेदनों की संख्या 2348 है। पी0एफ0एम0एस0 द्वारा लम्बित/निरस्त आवेदनों की संख्या 118 है। जनपदीय छात्रवृत्ति समिति के निस्तारण KPI-1 का प्रतिशत 51.79 शैक्षिक संस्थान द्वारा आवेदनो के निस्तारणएवं आवास स्वीकृति KPI-2 27.72 है। प्रोजेक्ट में जनपद को ग्रेड सी डी एवं रैंक 63 है। निर्देश दिये गये शिक्षण संस्थान पर लम्बित आवेदनों का शतप्रतिशत निस्तारण कराते हुए मुख्यालय

3– डी0डी0 एग्रीकल्चर द्वारा फार्मर रजिस्ट्री कराने में लापरवाही बरतने हेतु प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत करने के निर्देश दिये गये। डी0डी0 एग्रीकल्चर द्वारा अवगत कराया गया कि फार्मर रजिस्ट्री में पंचायत सहायक का सपोर्ट नहीं मिल रहा है। फार्मर रजिस्ट्री कराने में पंचायत सहायक एवं लेखपाल द्वारा सहयोग न करने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। डी0डी0 एग्रीकल्चर को मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 'फार्मर रजिस्ट्री खराब रैंक को सुधारने हेतु वी0सी0 कराने के निर्देश दिये गये।

4–सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को गत बैठक में दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या डी0एस0टी0ओ0 कार्यालय में माह की 29 तारीख तक उपलब्ध कराने एवं आगामी बैठको में अनपुपालन आख्या के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये गये।

5–निर्माण कार्यो हेतु जनपद स्तर पर गठित प्रत्येक टास्कफोर्स अपने से संबंधित कार्यो का प्रतिमाह निरीक्षण कर निरीक्षण आख्या बिन्दुवार(कमियों को इंगित करते हुए) फोटो सहित आगामी माह की 05 तारीख तक उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये गये। निर्माण कार्यो की मानको के अनरूप कराये जाने के भी निर्देश दिये गयें।

15.11.25

(डा0 वी0 के0 सिंह)
जिलाधिकारी
मेरठ।

कार्यालय– जिलाधिकारी, मेरठ।

पत्र सं0 577/मासिक बैठक/2025–26 दिनांकः 15-11-25

1– सचिव, कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

2– मुख्य विकास अधिकारी मेरठ।

3– जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एन0आई0सी0, कलक्ट्रेट परिसर मेरठ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यवृत्त को जनपद की वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

15.11.25

जिलाधिकारी
मेरठ।